मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः09.03.2025

थाना को0कटरा पुलिस द्वारा आपराधिक षड़यंत्र के तहत कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अवैध रूप से बैंक खाते से पैसों के लेनदेन के अभियोग से सम्बंधित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार —

थाना को0कटरा, जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 08.03.2020 को वादी सुरेश कुमार पुत्र स्व0 रामनिहोर निवासी टटहाई रोड़ थाना को 0कटरा जनपद मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अवैध रूप से बैंक खाते से पैसों का लेनदेन के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0कटरा पर मु 0अ0सं0-58/2020 धारा 419,420,467,468,471 भादवि व 66सी आई.टी. एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'सोमेन बर्मा' द्वारा उक्त प्रकरण को गंभीरता पूर्वक लेते हुए संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक को0कटरा को निर्देश दिए गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः 09.03.2025 को निरीक्षक बुद्धिसागर यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर थाना को 0कटरा क्षेत्र से उपरोक्त अभियोग से सम्बधित 01 नफर वांछित अभियुक्त श्रेय कुमार साहू उर्फ लक्की साहू पुत्र स्व 0 केदारनाथ साहू निवासी मुकेरी बाजार थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।